दौड़ में वंदना, अनुभव और सौरभ ने बाजी मारी

ईश्वर शरण में आयोजित की गई अंतरमहाविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता

प्रयागराज। ईश्वर शरण महाविद्यालय में आयोजित अंर्तमहाविद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में सोमवार को एथलीट स्पर्द्धा हुई। जिसमें मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैमर थ्रोअर चंद्रोदय नारायण सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंद शंकर सिंह ने किया।

इन प्रतियोगिताओं में बालक वर्ग में ओवरआल चैंपियन ईश्वर शरण महाविद्यालय रहा। बालिका वर्ग में ओवरआल चैंपियन एसएस खन्ना महाविद्यालय बना। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रतियोगिताओं में निम्न प्रतिभागियों को विजयी घोषित किया गया। बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में सीएमपी के अनुभव प्रथम 200 मीटर में ईश्वर शरण के सौरभ सिंह, लंबी कूद में एसपीएम के महेंद्र प्रथम, ऊंची कूद में ईश्वर शरण के अभिषेक पांडेय, शॉट पुट में ईश्वर शरण के मोहम्मद सुहैल, डिस्कस थ्रो में ईश्वर शरण के ही मोहम्मद सुहैल प्रथम रहे। इसी तरह बालिका वर्ग में 100, 200 मीटर दौड़ और लंबी कूद में ईश्वर शरण की वंदना यादव, ऊंची कूद में एसएस खन्ना की रूबीना बानो, शॉटपुट और डिस्कस थ्रो में एसएस खन्ना की गुलस्फा फातिमा प्रथम रहीं। अंत में सभी विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य, प्रो. आनंद शंकर सिंह द्वारा प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया।

ISDC
PRAYAGRAJ